चिड़ियों की है चहकार

चिड़ियों की है चहकार,
मगर तेरी कमी है,
फूलों की हैं महकार,
मगर तेरी कमी है,
ओ माँ, प्यारी माँ.....

मेरी गलतियों पे तेरा,
आँचल में छिपाना,
भूले नहीं वो प्यार,
मगर तेरी कमी है,
ओ माँ, प्यारी माँ.......

तेरी तरह ना जाग के,
कोई मुझको सुलाए,
रिश्ते हैं माँ हज़ार,
मगर तेरी कमी है,
ओ माँ, प्यारी माँ.......

चिड़ियों की है चहकार,
मगर तेरी कमी है,
फूलों की हैं महकार,
मगर तेरी कमी है,
ओ माँ, प्यारी माँ........

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24043/title/chidiyon-ki-hai-chehkar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |